हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36 .9 डिग्री
न्यूनतम 24 .2 डिग्री

09 बीएमयू में ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी की अष्टमी...



10 अपराध की दुनिया में नाम कमाना चाहते हैं अंकित...



## खबर संक्षेप

### आईटीआई में दाखिले के लिए अंतिम तिथि 30

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में स्थित सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025-26 में दाखिले लेने के लिए इच्छुक आवेदकों के लिए ऑन-दा-स्पॉट दाखिला आवेदन की अन्तिम तिथि 30 सितंबर है। दाखिला आवेदन करने के लिए यह अंतिम अवसर है। उन्होंने बताया कि हसनगढ़ आईटीआई में कुल 18 व्यवसायों में कुल 327 सीटें खाली हैं। इच्छुक राजकीय आईटीआई हसनगढ़ में पहुंचकर हेल्पडेस्क पर दाखिले के लिए निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

### डीसी ने श्रमिकों को वितरित किए लड्डू

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि 17 सितंबर को श्रम विभाग द्वारा जिला के प्रमुख 10 मजदूर चौक पर श्रमिकों को लड्डू के पैकेट वितरित किए गए। जिला प्रशासन एवं शहरी स्थानीय निकायों के सहयोग से यह पहल मजदूर वर्ग को सम्मान देने के लिए की गई। श्रमिक इस पहल से काफी खुश नजर आए।उन्होंने बताया कि जिला के पुराना आईटीआई ग्राउंड, आईएमटी चौक, एचएसवीपी के सेक्टर 3 व 4, सुखपुरा चौक, कच्चा बेरी रोड के मजदूर चौक, हिसार रोड़ आईडीसी चौक, कलानौर, महम, लाखनमाजरा तथा सांपला में श्रमिकों को लड्डू के पैकेट वितरित किए गए।

### प्राध्यापकों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

रोहतक। राजकीय महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने मिलकर डीआरओ प्रमोद चहल के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जिसमें उन्होंने बताया कि राजकीय महाविद्यालय पंचकूला सेक्टर-1 के सहायक प्रोफेसर पर कुछ असामाजिक तत्वों ने जानलेवा हमला किया है। उस पर कड़ी कारवाई की जाए। डॉ. राधा राठी ने बताया कि ऐसी घटनाएं शिक्षा संस्थानों की गरिमा पर गंभीर आघात है। महाविद्यालय यूनियन के सभी सदस्य डॉ अंजु , डॉ निती अहलावत, डॉ ज्योति व डॉ नीलम मंगला आदि मौजूद रहे।

### 24 सितंबर को लगेगी बिजली अदालत

रोहतक। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता बिजेंद्र नरवाल ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए सर्कल रोहतक की ओर से राजीव गांधी विद्युत भवन में 24 सितंबर को सुबह 11 से 1 बजे तक बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। निगम के राजीव गांधी विद्युत भवन कार्यालय में 25 सितंबर को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक कारपोरेट फोरम की बैठक होगी।

# पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा के किलोई हलके से एक और जिप सदस्य धीरज मलिक ने कांग्रेस छोड़ी, तीन दिन में दूसरा बड़ा झटका

सितंबर को ज्वाइन करेंगे इनेलो, जिप के उपाध्यक्ष अनिल हुड्डा भी थाम चुके हैं अभय चौटाला का दामन

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गृह जिले में ही कांग्रेस का कुनबा बिखर रहा है। तीन-चार दिन पहले जिला परिषद के उपाध्यक्ष अनिल हुड्डा ने जहां कांग्रेस को अलविदा कहा था। वहीं, वीरवार 18 सितंबर को जिला परिषद के एक और सदस्य धीरज मलिक ने पार्टी छोड़ दी। अनिल हुड्डा इनेलो ज्वाइन कर चुके हैं, जबकि धीरज मलिक 21 सितंबर को इनेलो ही ज्वाइन करने जा रहे हैं। मलिक का कहना है कि वह अकेले पार्टी ज्वाइन करने नहीं जा रहे हैं, बल्कि उनके गांव खरावड़ के एक पूर्व सरपंच भी ज्वाइन करेंगे। मलिक का दावा है कि उनके साथ काफी युवा अभय चौटाला का दामन थामेंगे।

**दोनों का कद बड़ा:** ध्यान रहे कि उपाध्यक्ष अनिल हुड्डा और धीरज मलिक गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा क्षेत्र से ही हैं। हुड्डा का गांव जिंदराण और मलिक का गांव खरावड़ है। अनिल हुड्डा के भाई विकास हुड्डा इस समय सरपंच हैं। राजनीतिक कद धीरज मलिक का भी छोटा नहीं है। पिछले दिनों जिला परिषद में जो राजनीतिक घटनाक्रम हुआ था, उसके सूत्रधार अनिल हुड्डा और धीरज मलिक ही थे। दोनों अपनी बातों पर अंत तक अडिग रहे।

### सभी चार विधायक कांग्रेस के

जिले में महम से बलराम दांगी, रोहतक शहर से बीबी बतरा, कलानौर शुकंतला खटक और गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा से खुद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा विधायक हैं। बावजूद इसके कांग्रेस के कुनबा मजबूत होने की बजाय लगातार कमजोर हो रहा है। दो-तीन पहले ही कांग्रेस का नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ही कार्यक्रम में बैठने के लिए उचित स्थान नहीं मिला तो वह प्रोग्राम ही बीच में छोड़कर चले गए थे। बाद में किसी तरह से उनका मान-मनोव्वल किया गया।

### 25 सितंबर को रोहतक में होगी इनेलो की रैली

पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की जयंती पर इनेलो 25 सितंबर को अपना राजनीतिक बर्चस्व दिखाने के लिए रोहतक में प्रदेश स्तरीय रैली करने जा रही है। इनेलो हर साल ये आयोजन करती है। लेकिन काफी लंबे समय के बाद रोहतक में इनेलो जयंती के बहाने अपना जनाधार दिखाना चाहती है। पार्टी सर्वेसर्वा अभय चौटाला जानते हैं कि जब तक वे रोहतक में अपने आपको मजबूती से खड़ा नहीं करेंगे तब तक सत्ता मिलनी काफी मुश्किल है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा रोहतक में जितने कमजोर होंगे, उतनी यहां इनेलो मजबूत होगी। रोहतक में अभय चौटाला और भूपेंद्र सिंह हुड्डा के ज्यादातर मतदाता एक ही रंग के हैं। इसलिए आए दिन अभय चौटाला भूपेंद्र सिंह हुड्डा को निशाने पर रखते हैं। भूपेंद्र हुड्डा- दीपेंद्र हुड्डा का फोकस भी अभय चौटाला ही होते हैं।

### हुड्डा की वजह से 2024 में कांग्रेस की सरकार नहीं बन पाई



धीरज मलिक

पिता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और बेटा दीपेंद्र हुड्डा जनता की समस्याओं को लेकर बीते दस साल में कितनी बार बीजेपी का मुखर विरोध करने के लिए रोड पर आए। हुड्डा की बीजेपी को लेकर क्या अंदरुनी सोच है, ये प्रदेश की जनता ग्यारह साल से देख रही है। केवल हुड्डा की वजह से ही अक्टूबर 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार नहीं बन पाई। लोग कांग्रेस को वोट देने के लिए तैयार थे। लेकिन हुड्डा को नहीं। हुड्डा ने बेटे दीपेंद्र हुड्डा का राजनीतिक कॅरियर उज्जवल करने के लिए कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं को अपनी कुटिल चालों से कांग्रेस छोड़ने को मजबूर कर दिया।

-धीरज मलिक, जिला पार्षद

### अभय चौटाला को लेकर आशंकाएं भी

रोहतक में खासकर ग्रामीण क्षेत्र में जो लोग बीजेपी से खफा हैं और इनेलो ज्वाइन कर रहे हैं, उन्हें ये आशंका भी है कि कहीं अभय चौटाला भी विधानसभा चुनाव के बाद दुष्यंत चौटाला की तरह ही बीजेपी को ही समर्थन न कर दें। हालांकि विधानसभा इलेक्शन में अभी चार साल शेष हैं। लेकिन इनेलो ज्वाइन कर रहे लोगों की ये आशंका निर्मूल भी नहीं कही जा सकती है। ध्यान रहे कि अक्टूबर 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में दुष्यंत चौटाला ने बीजेपी के खिलाफ बोलकर लोगों से मत हासिल किए। लेकिन चुनाव परिणाम के तुरंत बाद पलटी मारी और बीजेपी सरकार में ही शामिल हो गए। तकरीबन चार साल तक सत्ता का स्वाद लिया और फिर बीजेपी से किनारा किया। यहां ये भी मालूम रहे कि वर्ष 2014-19 तक अभय चौटाला की मनोहरलाल सरकार से ज्यादा दूरियां नहीं थी। जब बीजेपी ने 2019 में दूसरी बार सरकार बनाई तो अभय चौटाला के भतीजे दुष्यंत चौटाला ने बीजेपी से पींग बढ़ा ली।

सख्ती से हड़कंप मचा: विभागीय अधिकारियों की टीम भी मौजूद रही

# खरावड़ में पेट्रोल पंप पर खाद्य आपूर्ति मंत्री की छापेमारी, पांच मशीनें सील

*पंप पर पहले से ही गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थीं। विभाग की टीम ने इन शिकायतों को गंभीरता से लिया और मंत्री की अगुवाई में अचानक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राहकों को पूरा तेल नहीं मिल रहा था।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के खरावड़ गांव स्थित रियान ऑयल पेट्रोल पंप पर वीरवार देर शाम खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने अचानक छापेमारी कर दी। इस कार्रवाई के दौरान पेट्रोल व डीजल की सप्लाई में गड़बड़ी पाई गई। मंत्री ने मौके पर ही कड़ी कार्रवाई करते हुए पेट्रोल और डीजल की पांच मशीनों को तुरंत प्रभाव से सील कर दिया। मौके पर विभागीय अधिकारियों की टीम भी मौजूद रही।

अधिकारियों ने पेट्रोल और डीजल के सैंपल लिए और उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि यदि जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी की पुष्टि होती है तो पेट्रोल पंप मालिक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री के रोहतक में निरीक्षण की सूचना मिलते ही पेट्रोल पंपों पर हड़कम्प मच गया और आसपास के कई पेट्रोल पंप बंद कर स्टाफ नदारद हो गया।



**रोहतक।** छापेमारी के दौरान पेट्रोल पंपों की जांच करते खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर । फोटो : हरिभूमि

### जांच रिपोर्ट आने तक बंद रहेगा पंप

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जांच रिपोर्ट आने तक पंप पर ईंधन की बिक्री पूरी तरह बंद रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ईंधन की गुणवत्ता और मापदंडों पर कोई समझौता नहीं करेगी। दोषी पाए जाने पर पंप मालिकों को न केवल जुर्माना भरना पड़ेगा, बल्कि उनका लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के उपभोक्ताओं में राहत की भावना है। लोगों ने कहा कि सरकार की इस सख्ती से अन्य पंप मालिकों को भी चेतावनी मिलेगी और भविष्य में उपभोक्ताओं को लूट का शिकार नहीं होना पड़ेगा।

### विभाग को सख्त निर्देश जारी

खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने सम्बंधित विभाग को भी सख्त दिशा निर्देश जारी किए। मिली जानकारी के अनुसार, इस पंप पर पहले से ही गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थीं। विभाग की टीम ने इन शिकायतों को गंभीरता से लिया और मंत्री की अगुवाई में अचानक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मशीनों से ग्राहकों को पूरा तेल नहीं मिल रहा था, यानी मापदंडों से छेड़छाड़ कर वाहन चालकों को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस पंप पर हजारों वाहनों में पेट्रोल और डीजल डाला जा चुका है। ऐसे में उपभोक्ताओं को लंबे समय से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। मंत्री नागर ने कहा कि सरकार उपभोक्ताओं के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रदेश के अन्य पेट्रोल पंपों पर भी इसी तरह की आकस्मिक जांच अभियान चलाया जाएगा।

### उपभोक्ताओं से अपील

मंत्री ने उपभोक्ताओं से भी अपील की कि यदि उन्हें किसी भी पेट्रोल पंप पर तेल की गुणवत्ता या मात्रा में गड़बड़ी नजर आती है तो तुरंत विभाग को इसकी शिकायत करें। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पारदर्शिता और ईमानदारी को बढ़ावा देना है और जनता के विश्वास को बनाए रखना प्राथमिकता है।

### ग्रामीणों ने की सराहना

छापेमारी के समय मौके पर मौजूद कई ग्रामीणों और ग्राहकों ने मंत्री की कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि आम आदमी अक्सर इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है लेकिन शिकायत करने के बाद भी अक्सर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। मंत्री के सीधे हस्तक्षेप से जनता में भरोसा पैदा होगा और पेट्रोल पंप मालिकों पर भी नियंत्रण रहेगा।

### अभियान तेज होगा

*सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई जिले में चलाए जा रहे विशेष निरीक्षण अभियान का हिस्सा है। सरकार ने हाल ही में निर्देश दिए हैं कि सभी जिलों में पेट्रोल पंपों की नियमित जांच की जाए ताकि उपभोक्ताओं को शुद्ध और निर्धारित मात्रा का ईंधन मिल सके। इस कार्रवाई के बाद संभावना है कि अन्य पेट्रोल पंप संचालकों में भी भय का माहौल बनेगा और वे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने से बचेंगे।*

# शहर स्वच्छता अभियान में गूंजा अमित सैनी रोहतकिया का सुर

रोहतक। हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 को जनआंदोलन का रूप देने के लिए नगर निगम रोहतक ने एक अनोखी पहल की है। स्वच्छता के संदेश को लोगों तक आसानी से पहुंचाने के लिए हरियाणवी लोकगायक अमित सैनी रोहतकिया की आवाज़ में तैयार स्वच्छता गीत नगर निगम रोहतक को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लॉन्च किया।

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि निगम लगातार स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में गायक अमित सैनी रोहतकिया के साथ बैठक कर यह सुझाव दिया गया था कि स्वच्छता को लेकर एक ऐसा गीत तैयार किया जाए जो हर वर्ग के लोगों को आसानी से प्रभावित कर सके। गीत के बोल बेहद सरल और प्रभावशाली हैं, जिनके माध्यम से नागरिकों को यह संदेश दिया गया है कि वे घर-घर में डस्टबिन का प्रयोग करें, कचरा इधर-उधर न फेंके और पर्यावरण की सुरक्षा में सहयोग करें। इस गीत को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी प्रसारित किया जा चुका है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इससे जुड़ सकें। स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने आसपास के माहौल को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करे। उन्होंने अपील की कि नागरिक निगम के इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और स्वच्छ शहर बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। यह पहल न सिर्फ स्वच्छता अभियान को गति देगी, बल्कि आम जनता के बीच एक सकारात्मक संदेश भी फैलाएगी कि साफ-सफाई को आदत बनाकर ही हम स्वस्थ और सुंदर शहर की कल्पना को साकार कर सकते हैं।



■ मुख्यमंत्री ने लॉन्च किया

निगम शहर की सुंदरता को लेकर गंभीर

# आई लव रोहतक को तोड़ने वालों के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम शहर में सौन्दर्यकरण के प्रति काफी गंभीर है तथा सौन्दर्यीकरण के बहुत सारे कार्य करवाए जा रहे है। लेकिन 13 सितंबर को शहर में सौन्दर्यीकरण में जाट संस्था के पास लगाए गए आई लव रोहतक को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ा गया। इस संदर्भ में अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाकर क़ानूनी कार्रवाई की गई ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति शहर की सार्वजनिक सम्पत्ति या सौंदर्यीकरण को नुकसान पहुंचाने का दोबारा प्रयास न करे। निगम की सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के साथ ज़ीरो टालरेंस की नीति अपनाई जाएगी। आई लव रोहतक जैसे प्रतीक शहर के सौन्दर्यीकरण में अहम योगदान निभाते है इसलिए इन्हें क्षति पहुंचाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**सभी सहयोग करें:** नगर निगम सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे शहर की सुंदरता और धरोहर की रक्षा में सहयोग दें और किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ की घटना की सूचना तुरंत प्रशासन को उपलब्ध कराए।



पुलिस की वाहन चालकों पर सख्ती

# 15 दिन में काटे 857 के चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के लिए रोहतक पुलिस ने 1 से 15 सितम्बर तक विशेष अभियान चलाया। अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई।

पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, कुल 857 चालान किए गए जिनमें शराब पीकर वाहन चलाने वाले, गलत लेन में वाहन चलाने वाले, अवैध लाल-नीली बत्ती का प्रयोग करने वाले और मॉडिफाइड साइलेंसर से पटाखा जैसी ध्वनि उत्पन्न करने वाले चालक शामिल रहे। यह विशेष अभियान पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत सिंह कपूर और पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे हरियाणा हरदीप सिंह दून के नेतृत्व में चलाया गया। रोहतक पुलिस ने जगह-जगह नाकाबंदी कर जांच अभियान चलाया।

### यातायात अधिकारियों की भूमिका

अभियान को सफल बनाने में प्रभारी यातायात पूर्व प्रशांत कुमार और प्रभारी यातायात पश्चिम निरीक्षक रमेश कुमार की अहम भूमिका रही। उनके निर्देशन में टीमों ने जिले भर में नाकाबंदी की और सख्ती से यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की। रोहतक पुलिस का कहना है कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि वाहन चालकों को जागरूक करना भी है। पुलिस चाहती है कि लोग स्वेच्छा से यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क पर चलना सुरक्षित हो सकें।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई



शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर विशेष नजर रखी गई। पुलिस ने 231 ऐसे वाहन चालकों के चालान किए, जो शराब के नशे में वाहन चलाकर खुद के साथ-साथ दूसरों की जान को भी जोखिम में डाल रहे थे। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नशे की हालत में वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### गलत लेन में वाहन चलाने वाले 610 चालान

गलत दिशा या गलत लेन में वाहन चलाना ट्रैफिक जाम और सड़क हादसों का एक प्रमुख कारण है। इस तरह के उल्लंघन पर 610 चालकों के चालान किए।

### लाल-नीली बत्ती का अवैध प्रयोग

पुलिस ने बताया कि कई वाहन चालक अपने वाहनों पर अवैध रूप से लाल या नीली बत्ती लगाकर सड़क पर चलते हैं और यातायात नियमों की अवहेलना करते हैं। अभियान के दौरान ऐसे 12 वाहन चालकों के चालान काटे।

### पटाखा ध्वनि वाले साइलेंसर पर रोक

अभियान का एक अन्य केंद्र बिंदु उन बुलेट मोटरसाइकिलों के चालकों पर था, जिन्होंने अपने साइलेंसर को मॉडिफाई करवा कर पटाखा जैसी तेज आवाज उत्पन्न करने वाले उपकरण लगाए थे।

यात्रियों को मिलेगी राहत, तीन बसें पहुंची, 20 जल्दी मिलेंगी

# रोहतक डिपो के बेड़े को मिली 23 बीएस-6 बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए रोहतक रोडवेज डिपो में बुधवार को तीन नई बीएस-6 बसें शामिल की गईं। प्रदूषण नियंत्रण मानकों के अनुरूप बनी ये बसें खासतौर पर दिल्ली रूट पर चलाई जाएंगी। राजधानी में बीएस-4 गाड़ियों पर रोक के चलते यात्रियों को लंबे समय से परेशानी उठानी पड़ रही थी।

अब इन नई बसों की उपलब्धता से न केवल सफर आरामदायक होगा, बल्कि बिना किसी बाधा के दिल्ली तक सीधी बस सेवा भी मिल सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल डिपो के बेड़े में बीएस-4 और बीएस-6 दोनों प्रकार की बसें मौजूद हैं। बीएस-4 बसें अन्य रूटों पर चलती रहेंगी, लेकिन दिल्ली मार्ग पर केवल बीएस-6 बसों को ही चलाने की अनुमति है। यात्रियों की बढ़ती संख्या और मांग को देखते हुए इन नई बसों का परिचालन तुरंत शुरू किया जा रहा है।

**ग्रामीण रूटों पर नहीं पहुंच पाती थी बसें**

**अभी केवल 180 बसें डिपो में**

### अक्टूबर में आएंगी 20 और बसें



*रोडवेज विभाग की योजना यहीं तक सीमित नहीं है। आने वाले महीने यानी अक्टूबर में डिपो को करीब 20 नई बसें और मिलने वाली हैं। इनमें से कुछ बसें रोहतक शहर को दी जाएंगी जबकि बाकी नजदीकी डिपो जैसे हिसार, सिरसा, कोसली और चंडीगढ़ भेजी जाएंगी। अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीण रूटों पर बसों की भारी कमी है। इससे खासतौर पर नौकरीपेशा कर्मचारियों और छात्रों को दिक्कत होती है। नई बसों के शामिल होने से इन रूटों पर दबाव कम होगा और यात्रियों को समय से सफर की सुविधा मिल सकेगी।*

### ग्रामीण रूटों को भी मिलेगी मजबूती

नई खेप में चार से पांच बसें महम और कलानौर डिपो के लिए भी निर्धारित की जाएंगी। यहां लंबे समय से बसों की कमी बनी हुई थी। सुबह और शाम के समय यात्रियों की भीड़ बढ़ने से लोग असुविधा का सामना करते थे। अब बसों की संख्या बढ़ने से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सीधी सुविधा का लाभ मिलेगा।

### प्रदूषण नियंत्रण, यात्रियों की सुविधा

बीएस-6 बसें तकनीकी रूप से उन्नत हैं और प्रदूषण के स्तर को कम करने में सहायक मानी जाती हैं। दिल्ली जैसे शहर में जहां वायु प्रदूषण गंभीर समस्या है, वहां इन बसों का संचालन अनिवार्य है। अधिकारी मानते हैं कि बीएस-6 बसों के संचालन से यात्रियों की संख्या में भी इजाफा होगा, क्योंकि लोग सुरक्षित और आरामदायक सफर को प्राथमिकता देते हैं।

### जल्द दिल्ली रूट पर ही चलाया जाएगा

डिपों को तीन नई बसें मिल चुकी है। इन्हें जल्द दिल्ली रूट पर ही चलाया जाएगा। इनकी परमिट की प्रक्रिया पूरी करवाई जा रही है। जल्द यह प्रक्रिया पूरी होते ही यह बसें सड़कों पर दौड़ने लगेगी। ऐसे में यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। जल्द ही नई बसें और डिपों को मिलने वाली है।

*-सुरेंद्र सिवाच*
*वर्कशाप मैनेजर, रोडवेज डिपो*

### जल्द जारी होगा शेड्यूल

रोडवेज विभाग ने बताया कि नई बसों का शेड्यूल जल्द ही सार्वजनिक किया जाएगा। यात्रियों को टिकट बुकिंग और समय सारणी की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग का दावा है कि नई बसों के आने से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। फिलहाल दिल्ली रूट पर पहले से ही बीएस-6 मानक की 20 से ज्यादा बसें चल रही हैं। अब तीन और बसें इस रूट में शामिल होने जा रही हैं, जिससे सेवाओं में और मजबूती आएगी।

स्पेशल: बैटमैन-डे, 20 सितंबर

बच्चो, तुमने बैटमैन की कॉमिक्स पढ़ी होंगी या फिर उसकी फिल्में जरूर देखी होंगी। तुममें से कई बच्चों का तो फेवरेट कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन होगा। दुनिया के सबसे फेमस फिक्शनल कैरेक्टर्स में से एक बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग और इंटरेस्टिंग बातें यहां बता रहे हैं।

# इंटेलिजेंट-टेक्नोस्मार्ट वॉरियर कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन

फिक्शनल कैरेक्टर
शिखर चंद जैन



बच्चो, तुम बैटमैन के कॉमिक्स खूब चाव से पढ़ते होगे। टीवी पर उसके कार्टून फिल्म्स या बैटमैन सीरीज की मूवीज भी देखी होंगी। तुम्हें पता है, इस सुपरहीरो कार्टून कैरेक्टर बैटमैन को याद करने के लिए एक खास दिन निश्चित किया गया है? हर साल सितंबर महीने के तीसरे शनिवार को बैटमैन-डे मनाया जाता है। इस बार बैटमैन-डे कल यानी 20 सितंबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर जानो, बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

**साहसी-चतुर और टेक्नो एक्सपर्ट:** जहां अधिकतर कॉमिक सुपरहीरोज अपनी आलौकिक शक्तियों यानी सुपर नेचुरल पॉवर्स के लिए जाने जाते हैं। अपनी इन्हीं शक्तियों के दम पर वे विलेन पर जीत हासिल करते हैं। वहीं बैटमैन के पास कोई सुपर नेचुरल पॉवर नहीं है। उसका साहस, स्ट्रेटजी बनाने की स्किल, हार्ड ट्रेनिंग, बुद्धिमत्ता और टेक्नोलॉजी यूज करने की काबिलियत उसे उसके लक्ष्य तक पहुंचाती हैं और जीत दिलाती है। वह 127 मार्शल आर्ट फॉर्म्स में एक्सपर्ट है।



**86 साल पुराना कैरेक्टर:** बैटमैन को पहली बार अब से 86 साल पहले मई 1939 में डिटेक्टिव कॉमिक्स के 27वें अंक में पेश किया गया था। इसमें बैटमैन की इमेज क्रिएट की थी आर्टिस्ट बॉब केन ने और इसके लेखक थे, बिल फिंगर।

**छा गया हर ओर:** शुरुआती दिनों में तो बैटमैन को स्टोरी कॉमिक्स कैरेक्टर के रूप में पढ़ा जाता था। लेकिन कुछ ही समय में बैटमैन का कैरेक्टर इतना फेमस हुआ कि यह कॉमिक्स से आगे बढ़कर फिल्मों, टीवी शोज, वीडियो गेम्स और यहां तक कि कई सारे प्रोडक्ट्स के ब्रांड के रूप में भी दिखाई देने लगा।

**बहुत अमीर है बैटमैन:** बैटमैन का मूल नाम ब्रूस वेन है। सामान्य अवस्था में वह इसी रूप में रहता है। ब्रूस वेन को अकसर कॉमिक बुक के इतिहास में सबसे धनी पात्रों में से एक के रूप में चित्रित किया जाता है, जिसकी अनुमानित संपत्ति अरबों में है। ब्रूस वेन के इनकम का मुख्य सोर्स उसके परिवार की कंपनी वेन एंटरप्राइजेज है।

**जानता है कई भाषाएं:** बैटमैन कुल दस भाषाओं में बात कर सकता है। इनमें से सात भाषाएं वह धाराप्रवाह बोलता है। ये भाषाएं हैं- कैंटोनीज स्वाहिली, जापानी, स्पेनिश, फ्रेंच, अंग्रेजी, रूसी और इतालवी। साथ ही जर्मन और वियतनामी दो भाषाएं ठीक-ठाक और एक भाषा क्रिप्टोनियन अटक कर कामचलाऊ बोलता है।

**बैटमैन की हेल्प करते हैं रॉबिंस:** बैटमैन के कई सहायक पात्र भी हुए हैं, जिन्होंने रॉबिन की भूमिका निभाई है। जिनमें डिक ग्रेसन, जेसन टॉड, टिम ड्रेक और डेमियन वेन शामिल हैं। हर रॉबिन की अपनी अनूठी कहानी है और विशेषताएं हैं।

**सीक्रेट हेडक्वार्टर है बैटकेव:** बैटमैन का गुप्त मुख्यालय यानी सीक्रेट हेडक्वार्टर बैटकेव है। यह कई तरह की सुविधाओं से युक्त है, जिसमें बैटकंप्यूटर और बैटमोबाइल जैसे कई सुपर पॉवरफुल चीजों का संग्रह शामिल है।

**बैटमैन का शहर गोथम सिटी:** उत्तरपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका का एक काल्पनिक शहर है गोथम सिटी, जो डीसी कॉमिक्स द्वारा प्रकाशित अमेरिकी कॉमिक बुक्स में प्रदर्शित होने वाला प्रमुख शहर है। गोथम सिटी सुपरहीरो बैटमैन, उसके सहयोगियों और दुश्मनों के घर के रूप में जाना जाता है। गोथम को अकसर एक अंधकारमय और अपराध-ग्रस्त शहर के रूप में दर्शाया जाता है। यहां अपराध और भ्रष्टाचार होते रहते हैं।

**बैट-सिग्नल से बुलाते हैं बैटमैन को:** बैट-सिग्नल को पहली बार 1940 के दशक में गोथम सिटी पुलिस द्वारा बैटमैन को बुलाने के एक तरीके के रूप में पेश किया गया था। यह गोथम के नागरिकों के लिए आशा का प्रतीक है। जब भी बैटमैन को बुलाना होता है, बैट सिग्नल भेजा जाता है। *



## बैटमैन से जुड़ी कुछ और रोचक बातें

- बैटमैन के एक चाचा हैं, जिनका नाम फिलिप है।
- उसकी मां का नाम मार्था वेन है। इसे केन के नाम जाना जाता है।
- बैटमैन ने एक निजी जासूस हार्वे हैरिस के मार्गदर्शन में जासूस बनना सीखा।
- बैटमैन ने टेड ग्रांट (वाइल्डकैट) से मुक्केबाजी सीखी।
- बैटमैन के सूट पर कई बार इंद्रधनुषी पैटर्न बना हुआ दिखाया जाता है।
- बैटमैन का पसंदीदा व्यंजन मुलिगाटावनी सूप है।
- बैटमैन का एक 'दत्तक पुत्र' है, जिसका नाम जारो है। जारो एक जार में स्टारो (विशाल मानसिक तारामछली) का एक टुकड़ा है।

विशेष: रेड पांडा-दिवस, 20 सितंबर

बेहद क्यूट-सा दिखने वाला रेड पांडा दुनिया में कुछ ही इलाकों में पाया जाता है। इसको बचाए रखने को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल रेड पांडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन के महत्व और इस जंतु की विशेषताओं के बारे में जानो।

# ताकि बचा रहे प्यारा अनोखा रेड पांडा

अनोखा जंतु / के.पी. सिंह



बच्चो, रेड पांडा दुनिया के सबसे खूबसूरत जंतु प्रजातियों में से एक है। इसे लेसर पांडा, फायरफॉक्स जैसे नामों से भी जाना जाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैध शिकार करने, इनके आवास के खात्मे और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के चलते यह प्यारा-सा जंतु प्रजाति लुप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। रेड पांडा की तेजी से कम होती संख्या को देखते हुए 'रेड पांडा नेटवर्क' संस्था द्वारा 18 सितंबर 2010 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस का आयोजन किया गया। तब से प्रत्येक वर्ष सितंबर माह के तीसरे शनिवार को अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस मनाया जाता है।

**क्यों मनाते हैं रेड पांडा दिवस:** दुनिया भर के लोगों को रेड पांडा को बचाने का संदेश देने के लिए यह विशेष दिवस मनाया जाता है। रेड पांडा का दुनिया में अस्तित्व इसलिए जरूरी है, क्योंकि अपने पारिवारिक वर्ग में यह एकमात्र बची जीव प्रजाति है, जो जैव विविधता में इसकी अनोखी भूमिका और महत्व को दर्शाती है।



**होते हैं कई आयोजन:** रेड पांडा दिवस मनाने के लिए दुनियाभर के ऐसे चिड़ियाघरों में जहां रेड पांडा मौजूद हैं, विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दिन रेड पांडा की देख-रेख करने वाले केयरटेकर, चिड़ियाघर घूमने आने वाले लोगों से इनके लुप्तप्राय होने के बारे में बताते हैं। लोगों को इनके महत्व को समझाते हैं कि किस तरह इनके बचाने से हमारी विविध पारिस्थितिकी तंत्र का बचाव संभव है। सोशल मीडिया में इस दिन कई तरह के अभियान चलाए जाते हैं, जैसे- हैश टैग सेव रेड पांडा, हैश टैग इंटरनेशनल रेड पांडा डे और हैश टैग आईआरपीडी आदि। पर्यावरण-जैव विविधता संरक्षण से जुड़े लोगों और संगठनों द्वारा आम लोगों को धरती पर रेड पांडा के अस्तित्व को बनाए रखने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस मासूम जंतु प्रजाति को कैसे अवैध शिकार और व्यापार से बचाया जाए, इस बारे में भी विचार किया जाता है।

**कहां पाया जाता है रेड पांडा:** रेड पांडा मुख्य रूप से पूर्वी हिमालय के ऊंचे-घने बांस के जंगलों में पाया जाता है। यह भारत, नेपाल, चीन, म्यांमार और भूटान में खासतौर से पाया जाता है। जहां तक अपने देश में रेड पांडा की मौजूदगी का सवाल है तो ये मुख्यतः पूर्वोत्तर के हिमालयी क्षेत्रों में खासकर सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग क्षेत्र में पाया जाता है। देश में करीब 10 ऐसे नेशनल पार्क और सैंचुरी हैं, जहां रेड पांडा को संरक्षित किया गया है। इसके अलावा, दार्जिलिंग के 'फ्रोजन जू' की पहल पर रेड पांडा का डीएनए संरक्षित किया जा रहा है। इस तकनीकी पहल से भारत में रेड पांडा प्रजाति का संरक्षण लंबे समय तक के लिए किया जा सकता है। *

मजेदार किताब / चंद्रप्रकाश

## खेलगीतों का अनूठा संकलन

बच्चो, तुम कोई-न-कोई ऐसा खेल जरूर खेलते होगे, जिसे खेलते हुए गीत या जिंगल्स गाए जाते हैं। रंग-बिरंगे चित्रों से सजी-संवरी यह किताब 'गुमनाम खेलगीत' ऐसे ही खेलगीतों का अनूठा संकलन है। इस किताब में खेल-खेल में गाए जाने वाले अड़तीस छोटे-छोटे गीतों को संग्रहित किया गया है। इनमें से कई गीतों से तुम पहले से भी परिचित होगे क्योंकि तुमने भी खेलते हुए इन गीतों को कभी-न-कभी जरूर गाया होगा या गाते हुए खेल जरूर खेला होगा। कुछ तुक वाले तो कुछ बेतुके से लगने वाले, कुछ जाने-पहचाने, कुछ बिल्कुल नए-से ये खेलगीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे। इस किताब की खास बात यह है कि इसमें संकलित इन गीतों को तुम्हारी ही उम्र के, छठी से लेकर नवीं कक्षा में पढ़ने वाले कई बच्चों ने मिलकर कलमबद्ध किया है। किताब के अंत में एक जगह उन खेलों को खेलने का तरीका भी बताया गया है, जिनके साथ ये खेलगीत गाए जाते हैं। *




**किताब:** गुमनाम खेलगीत, **लेखक:** अंकुर लेखक समूह, **चित्र:** पूजा के मेनन, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल और अंकुर सोसाइटी, दिल्ली

## हंसगुल्ले

**नैंसी:** मिनी की मम्मी को सब क्या कहकर बुलाते हैं?
**नव्या:** ये तो मुझे नहीं पता, तुम बताओ।
**नैंसी:** मिनीमम (मिनी-मम)।
-खुशबू, ईमेल से


**पापा:** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**मीकू:** कोई बात नहीं पापा ! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।
-कमल, रायपुर



**सोनू:** ऐसा कौन-सा सेंटेंस है, जो हम बच्चे क्लास में सबसे ज्यादा बोलते हैं?
**मोनू:** 'मुझे नहीं पता।'
**सोनू (हंसते हुए):** हां-हां, बिल्कुल सही।
-साकेत, बिलासपुर

## जीके क्विज-171

1. एशिया कप वूमेन हॉकी 2025 का खिताब किस देश ने जीता?
2. हाल में ही नियुक्त किए गए फ्रांस के नए प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
3. देश के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन सा है?
5. भारत के 'मिसाइल मैन' के नाम से किसे जाना जाता है?
6. किस पठार को 'संसार की छत' कहा जाता है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. नाखून में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
9. भारत के किस शहर को 'ब्लू सिटी' के नाम से जाना जाता है?
10. नीली क्रांति का संबंध किस क्षेत्र से है?



बच्चो, जीके क्विज-171 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-170 का उत्तर:** 1.दूसरा, 2.टीसीए कल्याणी, 3.सी.पी. राधाकृष्णन, 4. 14 सितंबर 1949, 5. 22 भाषाओं को, 6.सिक्किम, 7.न्यूटन, 8.सिद्धार्थ, 9.शेरशाह सूरी, 10.श्रीलाल शुक्ल

**जीके क्विज-170 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आलोक-रायपुर, आद्या परी-मानपुर, रमेश-बैकुंठपुर,अश्विनी-राजनांदगांव, माधुरी-ईमेल से, भीमशंकर-डिंडौरी, नैतिक-मानपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, आकाश-बिलासपुर



कहानी
विमला रस्तोगी

सामने शेर आ जाए तो बड़े-बड़े डर से कांप जाते हैं, लेकिन नन्ही चैताली के घर में जब शेर आ गया, वह डरी नहीं। उसने बहुत ही साहस और समझदारी से काम लिया। खूंखार शेर पकड़ा गया। चैताली ने यह कमाल कैसे कर दिखाया?

# साहसी चैताली



कक्षा आठ में पढ़ती है चैताली। पढ़ने में अच्छी है। उसकी दो छोटी बहने हैं- मनसा और विद्या। चैताली के पिता खेत पर काम करते हैं। मां भी साथ चली जाती हैं। समय मिलने पर चैताली भी खेतों पर चली जाती है। दिन छिपे भी खेत से अकेली लौट आती है। उसे जरा भी डर नहीं लगता। चैताली के पिता ने उसे साइकिल दिला दी है। वह पास की तहसील के बाजार में साइकिल से जाकर घर की जरूरत का सामान ले आती है। आस-पड़ोस वालों का भी सामान ला देती है।

चैताली अपनी पढ़ाई करने के साथ, अपनी दोनों छोटी बहनों को भी पढ़ाती है। आस-पास के घरों के बच्चों को भी होम वर्क करा देती है। गांव में सब उसको बहुत मानते हैं। वह सबकी मदद करने को तैयार रहती है।

चैताली के गांव में कच्चे-पक्के दोनों तरह के घर हैं। चैताली के घर के दो कमरे पक्के (सीमेंट-ईंटों से) बने हैं। खाना बरामदे में बनता है। आगे सब खुला है। बस छोटी-छोटी लकड़ियों के सहारे पौधे लगाकर चार दीवारी-सी बना ली है। एक दिन शाम होने को थी। चैताली अपनी सहेली सोनिया के साथ कमरे में बैठी बातें कर रही थी। दोनों छोटी बहनें पड़ोस में गई थीं। तभी चैताली को शेर के गुर्राने की आवाज सुनाई दी। वह एकदम चौकन्नी हो गई। सहेली को मुंह पर अंगुली रखकर चुप रहने का इशारा किया। दबे पांव बाहर आई। देखा दूसरे कमरे में शेर आ गया है। शेर का मुंह दीवार की तरफ था। चैताली ने हिम्मत से काम लिया। उसने सावधानी से कमरे की दोनों कुंडी झट से बंद कर दी। लंबी सांस ली और तुरंत वन विभाग के दफ्तर में फोन कर दिया। चैताली को पता था कि शेर आदमी से ज्यादा होशियार नहीं होता।

सोनिया को किसी से भी शेर के बारे में कुछ बताने से मना किया, लेकिन वह चैताली के घर से बाहर निकली और बाहर आकर उसने अपने घर वालों को शेर के बारे में बता दिया। सोनिया के घर वालों ने पास-पड़ोस में कह दिया। चैताली भी अपने घर के बराबर वाले मकान में आ गई। उधर गांव वाले लाठी-डंडे लेकर आ गए। चैताली ने सबके सामने आकर सबको रोका, 'आप लोग बिल्कुल शोर मत करें। पिछली बार गांव में जब शेर आया था, सबने उसका पीछा कर उसे जख्मी कर दिया। शेर खेतों में छिप गया, वन विभाग वालों को भी नहीं मिला। डर के मारे बच्चे कई दिनों तक स्कूल पढ़ने नहीं गए। बड़ी मुश्किल से वन विभाग वालों ने शेर पकड़ा।' चैताली ने आगे बताया, 'मैंने फोन कर दिया है, वन विभाग वाले आते ही होंगे।'

तभी चैताली के माता-पिता भी वहां आ गए। कभी शेर की आवाज आती, सब डर जाते लेकिन चैताली नहीं डरती। जल्द ही वन विभाग वाले आ गए। साथ में शेर को बंद करने वाला कटघरा भी लाए थे। आते ही सारे कर्मचारियों ने अपनी पोजीशन ले ली और बहुत ही सतर्कता से शेर को पिंजरे में ले लिया। पिंजरे में आकर शेर जोर-जोर दहाड़ा। अब गांव वाले नहीं डरे।

वन विभाग के अफसर ने चैताली के साहस की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'चैताली के साहस की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। अगर शेर को देखकर चैताली बस्ती में भागती, शेर उसके पीछे भागता, चैताली घायल होती या कोई गांव वाला या फिर शेर ही घायल हो जाता। पता नहीं शेर कब पकड़ा जाता। इस संकट की घड़ी में भी चैताली ने जिस धीरज, समझदारी और साहस का परिचय दिया। वह अपने आप में एक मिसाल बन गया है।'

सबने ताली बजाकर चैताली को शाबाशी दी। वह भी बहुत खुश थी। कुछ दिनों बाद तहसील में हुए कार्यक्रम में प्रशासन ने चैताली को मेडल देकर सम्मानित किया। चैताली के माता-पिता और गांव वाले सब बहुत खुश थे। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम



## पापाजी लाए गुब्बारे

रंग-बिरंगे सजे-धजे, आंखों के लगते सचमुच तारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
ये अपनी धुन के पक्के हैं
कभी नहीं घबराते जी।
गैस भरी हो थोड़ी भी तो
सरपट दौड़ लगाते जी।
सचमुच कभी नहीं थकते, ये चलते पांव-पसारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
सीधे-सच्चे, मन के अच्छे
जन्मदिवस पर सजते जी।
बिल्कुल केक नहीं खाते
बस फट-फटकर बजते जी।
इतने खुश रहते मानो, बढ़कर छू लेंगे चांद-सितारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।

## रंग भरो-185

**रंग भरो-185** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आशना, जांजगीर



वेदिका, बालोद



इज्यान, सूरजपुर



लक्षिका, कोरबा



अदिति, बंजारी



रेयांश, बिलासपुर


### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अतुल-कवर्धा, डिंपल-दुर्ग, रवि-बिलासपुर, सानवी-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, खुशी-कोरबा

## रंग भरो 186



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में चिंटू और मिंकी स्लाइड पर फिसल रहे हैं। इस चित्र को तुम मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### प्रतिभा खोज प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में 18 सितंबर को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले दिन रंगोली, पोस्टर मेकिंग, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कार्टूनिंग,बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, मेहंदी रचाओ, कविता पाठ, भाषण प्रतियोगिता, संस्कृत श्लोक उच्चारण, गजल, गीत, भजन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। संस्कृत श्लोक उच्चारण में ओमलता ने प्रथम, पंजाबी एवं उर्दू कविता में हिमांशी ने प्रथम, हिंदी काव्य पाठ में खुशी ने प्रथम, हर्षिता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### टैलेंट हंट का आयोजन 19-20 सितम्बर को

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में 19 एवं 20 सितम्बर को दो दिवसीय टैलेंट हंट कार्यक्रम हुनर-2025 का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम विशेष रूप से नवप्रवेशी छात्राओं की प्रतिभाओं को खोजने और उन्हें मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राएं कला, संस्कृति, साहित्य, संगीत, नृत्य, वाद-विवाद और रंगमंच जैसी विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर हेल्थ कैंप का आयोजन

**रोहतक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सैनी धर्मशाला, सैनी आनंदपुरा में नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका एवं पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ने किया। भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी लोकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में 264 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 22 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया।

### गाड़ियों पर गिरे बिजली के पोल, टला हादसा

**सांपला।** खंड के गांव नया बास हाई स्कूल के सामने वाले रास्ते पर बिजली के पोल गिर गए। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। विद्युत निगम की टीम देर शाम तक नए पोल लगाने और तार बदलने में जुटी हुई थी। जानकारी के अनुसार सुबह गवर्नमेंट हाई स्कूल के सामने वाली गली में खड़े दो पोल अलग-अलग गाड़ियों पर टूट कर गिर गए। जिसमें एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

# बीएमयू में ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी की अष्टमी पुण्यतिथि पर हवन एवं प्रसाद वितरण

*श्री बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज के इतिहास को बताया कहा, वर्ष 1958 में स्थापित इस कॉलेज ने आयुर्वेदिक चिकित्सा शिक्षा में महत्वपूर्ण पहचान बनाई*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में संस्थापक कुलाधिपति ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी की अष्टमी पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक हवन करते महंत बालक नाथ योगी। *फोटो : हरिभूमि*

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को संस्थापक कुलाधिपति ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी की अष्टमी पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक हवन समारोह एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाहर से आए साधु संत, क्षेत्र के लोग, कुलपति डॉ. एचएल वर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार, विश्वविद्यालय के सभी डीन, अध्यापक एवं स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत वेद मंत्रों के उच्चारण और हवन यज्ञ से हुई। इस अवसर पर कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी की पुण्यस्मृति को नमन करते हुए कहा कि पूज्य महाराज ने अपने तप और त्याग से समाज को शिक्षा और स्वास्थ्य की दिशा में नई रोशनी दी है। उनके मार्गदर्शन से विश्वविद्यालय ने आज जिस ऊंचाई को प्राप्त किया है, वह पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर श्री बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज की ऐतिहासिक यात्रा को भी स्मरण किया गया। वर्ष 1958 में स्थापित इस कॉलेज ने आयुर्वेदिक चिकित्सा शिक्षा में महत्वपूर्ण पहचान बनाई है। प्रारंभिक दौर में 60 सीटों से शुरू हुए बीएएमएस पाठ्यक्रम को आज 100 सीटों तक विस्तारित किया गया है। साथ ही 7 पीजी कोर्स में 35 सीटों की शुरुआत कर उच्च शिक्षा के नए द्वार खोले गए हैं। यह उपलब्धि संस्थापक दादा गुरु श्री श्रेयोनाथ महाराज और ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी को समर्पित की गई। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति में संतों का विशेष योगदान रहा है। यही कारण है कि हरियाणा में सबसे पहले एमबीए और बीटेक की कक्षाएं शुरू करने वाला विश्वविद्यालय बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय ही रहा है। हवन यज्ञ के उपरांत श्रद्धालुओं और विश्वविद्यालय परिवार के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

### बीएमयू शिक्षा और सेवा का संगम

महंत बालकनाथ योगी ने कहा कि बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज ने विश्वविद्यालय की नींव मजबूत करने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई है। आज जो पौधा हमारे पूज्य महाराज जी ने लगाया था, वह अब विशाल वटवृक्ष बन चुका है। हम प्रदेश में आयुर्वेद कॉलेज के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर हैं और शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज भी स्थापित करने जा रहे हैं। विश्वविद्यालय में जल्द ही जॉब ओरिएंटेड कोर्स भी प्रारंभ किए जा रहे हैं, जिनमें, बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस (बीवीएससी) पशु चिकित्सा विज्ञान में एक स्नातक डिग्री एंड एनिमल हसबेंडरी और फॉरेंसिक साइंस भी शामिल है। महंत योगी ने कहा कि बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय शिक्षा और सेवा का संगम है। यहां से निकलने वाले विद्यार्थी समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। हम आने वाले समय में भी शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छूने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

# अंडर-19 में डीपीएस साउथ के यश पहले व डीपीएस वसंत कुंज के वंश रहे दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

**खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धा देखने लायक रही**

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में चल रही सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में दूसरे दिन खिलाड़ियों ने पानी में अपनी जबरदस्त प्रतिभा और संघर्षशीलता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल द्वारा किया जा रहा है, जिसमें देशभर के नामी स्कूलों के विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की ऊर्जा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना देखने लायक रही।

दूसरे दिन के मुकाबलों में डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कैंपस स्कूल की निदेशिका प्रो. सुनीता सैनी, आयोजन सचिव मनोज हुड्डा, कैंपस स्कूल इंचार्ज विवेक कौशल, सीबीएसई ऑब्जर्वर जगदीप सिंह आहलूवालिया, टेक्निकल डेलीगेट सुरेश देसवाल और आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित करने वाले इवेंट्स में फ्री स्टाइल और ब्रेस्ट स्ट्रोक की दौड़ शामिल रही। आयोजन सचिव मनोज हुड्डा ने बताया कि फ्री स्टाइल के 400 मीटर अंडर-19 वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल, वसंत कुंज के वंश सुहाग ने पहला स्थान प्राप्त किया। द ग्लोबल एज स्कूल, तमिलनाडु के साईकत चैटर्जी दूसरे और बाल भारती पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा के सृजन नाथ तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-17 वर्ग में जैन हेरिटेज स्कूल, केमपापुरा के शरण एस ने बाजी मारी। नेशनल पब्लिक स्कूल, उत्तराहाल्ली के दुरुपद रामाकृष्णा दूसरे और बाल भारती पब्लिक स्कूल, राजेन्द्र नगर के युवराज सिंह तीसरे स्थान पर रहे।

**प्रो. विनीता हुड्डा ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया**



**रोहतक।** राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाते खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

**फ्री स्टाइल और ब्रेस्ट स्ट्रोक की दौड़ सब अधिक आकर्षित प्रतियोगिता रही**



**रोहतक।** राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा,कैंपस स्कूल की निदेशिका प्रो. सुनीता सैनी व आयोजन सचिव मनोज हुड्डा। *फोटो : हरिभूमि*

### 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक मुकाबलों में भी शानदार प्रदर्शन

200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक मुकाबलों में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 वर्ग में बैंगलोर किड्स हाई के चेतन नागराजा गन्नपा ने स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली पब्लिक स्कूल, हैदराबाद के आदुरी कशिश श्रीवास्तव राव दूसरे स्थान पर रहे। जबकि शरणालय मोंटेसरी स्कूल, कोयंबटूर के मिथुन ए तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-17 वर्ग में एयर फोर्स स्कूल, हेब्बल के शैलेज किन्नी ने प्रथम स्थान हासिल किया। द क्रीक प्लेनेट स्कूल, तमिलनाडु के गोथाम चिरूममिल्ला ने रजत और डीपीएस साउथ के वाई रेयांश कांथी ने कांस्य पदक जीता। अंडर-19 वर्ग में डीपीएस साउथ के यश एच पाल ने स्वर्ण, चेतीनाद विद्याश्रम, चेन्नई के धरशन आर ने रजत और बीडीएम इंटरनेशनल के ऋषभ बैनर्जी ने कांस्य पदक पाया।

### रिले इवेंट्स में भी खिलाड़ियों ने जोरदार खेल दिखाया

4 गुणा 50 मीटर फ्री स्टाइल रिले में दिल्ली प्राइवेट स्कूल, शारजाह की टीम ने पहला स्थान पाया। द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर की टीम दूसरे स्थान पर रही जबकि डीपीएस साउथ की टीम तीसरे स्थान पर रही। वहीं 4 गुणा 100 मीटर फ्री स्टाइल रिले इवेंट में जैन हेरिटेज स्कूल, केमपापुरा की टीम ने स्वर्ण, विश्व ज्योति पब्लिक स्कूल की टीम ने रजत और सर मुथा स्कूल, चेन्नई की टीम ने कांस्य पदक जीता। प्वाइंट्स टेबल में जैन हेरिटेज स्कूल, केमपापुरा 48 अंकों के साथ शीर्ष पर है। दिल्ली पब्लिक स्कूल, साउथ 30 अंकों के साथ दूसरे और द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर 19 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

### अंडर 19 में भी रहा शानदार प्रदर्शन

ग्रुप वाइज अवॉर्ड्स की बात करें तो अंडर-19 का भी रहा वर्ग में डीपीएस साउथ के यश एच पाल, डीपीएस वसंत कुंज के वंश सुहाग और द ग्लोबल एज स्कूल के साइकत चैटर्जी शीर्ष तीन में रहे। अंडर-17 वर्ग में एयर फोर्स स्कूल, हेब्बल के साइएश किन्नी पहले, द क्रीक प्लेनेट स्कूल के गोथाम चिरूममिल्ला दूसरे और जैन हेरिटेज स्कूल, केमपापुरा के शरण एस तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-14 वर्ग में बैंगलोर इंटरनेशनल किड्स हाई के चेतन नागराजा गन्नपा पहले, द लैंडमार्क स्कूल, बिडराहाल्ली के जस सिंह दूसरे और जैन हेरिटेज स्कूल, केमपापुरा के श्रेयस सुनील तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-11 वर्ग में सेंट बरीटोज अकादमी, चेन्नई के योगानिथी पहले, डीपीएस गुरुग्राम के हिमाक्ष शर्मा दूसरे और विबग्योर हाई के इशान पाल तीसरे स्थान पर रहे।



**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते नगराधीश अंकित कुमार, राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल।

# फरियादियों की शिकायतें सुनकर अफसरों को निपटाने के निर्देश

- लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन कर जाना लोगों का दर्द

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को लघु सचिवालय में रुटिन समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की गई। नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल ने नागरिकों की शिकायतों सुनने के दौरान मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए।नगराधीश अंकित कुमार ने कहा कि संबंधित अधिकारी सभी शिकायत पोर्टलों जैसे सीएम विंडो, सीपीग्राम, एसएमजीटी, समाधान शिविर आदि की लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करवाएं। ध्यान रहे कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालय पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन शिविरों में एक छत के नीचे सभी विभागों की शिकायतों का यथासंभव समाधान किया जा रहा है।समाधान शिविर में नगर निगम के डीएमसी जितेंद्र सिंह, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की कार्यकारी अभियंता सीमा नारा, हाइड्रोलॉजिस्ट दलबीर राणा, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसोदिया, एलडीएम महाबीर प्रसाद, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुंदर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


**मार्केट न्यूज**

### तनिष्क स्टोर पर हीरे के प्रति जागरूकता सत्र से ग्राहकों को मिला विशेष अनुभव



**रोहतक।** विश्वसनीय आभूषण ब्रांड तनिष्क द्वारा रोहतक स्थित अपने प्रतिष्ठित स्टोर पर रविवार को एक विशेष हीरा जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने उपस्थित लोगों को हीरे की गुणवत्ता, उसकी असली-नकली पहचान, उसकी देखभाल और निवेश के रूप में इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को और अधिक रोचक व मनोरंजक बनाने के लिए स्टोर में विविध खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेताओं को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिससे ग्राहकों में उत्साह का संचार हुआ। साथ ही, महिलाओं के लिए विशेष रूप से सौंदर्य परामर्श सत्र रखा गया, जिसमें सौंदर्य विशेषज्ञों ने त्वचा की देखभाल, आभूषणों के सही चयन और सौंदर्य में निखार लाने के विभिन्न उपाय साझा किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


# जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य पर सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के सीनियर वर्ग में छात्रों में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस पहल में दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम ने भाग लिया और विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उनकी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को समझने का प्रयास किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. संदीप गोविल और मनोविज्ञानी कुमारी मनमोहन कौर टेडवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक सोच अपनाने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही शिक्षकों को भी तनाव कम करने और मानसिक संतुलन बनाए रखने के उपाय बताए, ताकि वे विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन दे सकें। स्कूल के डायरेक्टर विक्रांत मायना एवं सान्या मायना ने मैक्स हॉस्पिटल की टीम का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम छात्रों के आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं।

### जेएनवी के छात्रों और स्टॉफ का स्वास्थ्य जांचा

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिला के गांव घुसकानी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर शिव नर्सिंग होम की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम द्वारा लगाया गया। इस शिविर में 275 विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों के विभिन्न टेस्ट किए गए । उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सा टीम में डॉ. नरेश दलाल, डॉ. आनंद अहलावत, डॉ. साहिल राजपूत तथा संदीप (लैब तकनीशियन) शामिल थे।

# श्री साईं बाबा टेंपल ट्रस्ट खरावड़ की 27 को निकलेगी शोभायात्रा

- शोभायात्रा की शुरुआत सर छोटू राम पार्क से होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

श्री साईं बाबा टेंपल ट्रस्ट खरावड़ की ओर से 27 सितंबर को भव्य सांई पालकी शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी ट्रस्ट के प्रधान डॉ. नेतराम गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा की शुरुआत सर छोटू राम पार्क से होगी और शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई मंदिर परिसर तक पहुंचेगी। इस दौरान भक्तगण सांई भक्ति के भजनों और कीर्तन के साथ माहौल को भक्तिमय बनाएंगे। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। जगह-जगह भक्तों द्वारा पालकी का स्वागत किया जाएगा। ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की टीमें बना दी गई हैं, जो अलग-अलग जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगी।

डॉ. गर्ग ने कहा कि इस शोभायात्रा का उद्देश्य समाज में भक्ति, श्रद्धा और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में सजाए गए वाहन, झांकियां और सांई बाबा की पालकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शोभायात्रा के मार्ग में भक्तों के लिए जलपान और अन्य सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई है। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन और नगर निगम से भी सहयोग लिया जा रहा है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर बाबा के आशीर्वाद का लाभ प्राप्त करें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर शहर में धार्मिक वातावरण का विशेष दृश्य देखने को मिलेगा और श्रद्धालु मिलकर सांई बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। इस मौके पर एसके अरोड़ा, राघव गुप्ता, संजय जैन, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# मानव कल्याण समिति की 11वीं संगीत भागवत कथा, चौथे दिन आचार्य वशिष्ठ का हुआ प्रवचन

- नशे में डूबा जीव आतंकी बन जाता है और माया में लिप्त होकर गलत राह पकड़ लेता है: कथावाचक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

मदन लाल ढींगरा सदन में मानव कल्याण समिति द्वारा आयोजित 11वीं संगीत भागवत कथा के चौथे दिन भागवत पीठाधीश्वर आचार्य देशमुख वशिष्ठ ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया।

इस अवसर पर उन्होंने ध्रुव चरित्र और अन्य प्रेरणादायक प्रसंगों के माध्यम से जीवन की गूढ़ शिक्षाओं को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने कहा कि नशे में डूबा जीव आतंकी बन जाता है और माया में लिप्त होकर गलत राह पकड़ लेता है। अजामिल के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि शास्त्र और संतों की आज्ञा का पालन करना चाहिए, क्योंकि यही जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने प्रहलाद की अटूट श्रद्धा और विश्वास का उदाहरण देते हुए कहा कि जब भक्ति सच्ची हो तो भगवान खंबे से भी प्रकट हो जाते हैं। व्यक्ति का महान होना साधनों से नहीं, बल्कि साधना से संभव है।

यदि जीवन में उलझनें आएं तो घबराने के बजाय हौसले से समस्याओं को समझाना चाहिए। आचार्य वशिष्ठ ने गजेंद्र मोक्ष कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि हर स्थिति में भगवान ही सच्चे सहारा हैं। वामन भगवान के बाली के यहां आगमन और तीन पग भूमि मांगने के प्रसंग से उन्होंने त्याग और समर्पण का संदेश दिया। कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर हो उठे जब कान्हा के प्राकट्य का प्रसंग हुआ।



**रोहतक।** कथा का अनंद लेते भक्तजन। *फोटो : हरिभूमि*



**रोहतक।** प्रवचन देते कथावाचक।

### तिलियार केंद्र परिसर में की गई सफाई

**रोहतक।** विरासत की हिफाजत अभियान के अंतर्गत तिलयार टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में द्वितीय दिवस के विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह अभियान हरियाणा सरकार के विरासत एवं पर्यटन विभाग द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर के सभी पर्यटन कॉम्प्लेक्स में संचालित किया जा रहा है। तिलयार टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स के इंचार्ज नरेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रमों में रिसोर्ट के कमरों, शौचालयों, फर्नीचर आदि की सफाई की।


मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Computer Operator (Male) 2
- Computer Operator (Female) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599


hartron ISO 9001 : 2015
Enhance your talent...
HARTRON
SKILL CENTRE For
Computer Education & Training
M.7206002575, 8929411222
Above IDBI Bank, Power House, Chowk, Rohtak
ADMISSION OPEN-2025

| Sr. No. | Name of Course | Course Duration |
|---|---|---|
| 1. | Computer Hardware and Networking Associate | 52 (Weeks) |
| 2. | Course In Computer Application | 52 (Weeks |
| 3. | Course in Digital Accounting | 52 (Weeks |
| 4. | Course in Designing and Publishing | 52 (Weeks |
| 5. | Course in Web Technology | 52 (Weeks |
| 6. | Course in Software Development | 52 (Weeks |
| 7. | Advanced Course in Computer Application | 52 (Weeks |
| 8. | Digital Marketing Assistant | 26 (Weeks |
| 9. | Software Or Application Testing Assistant | 26 (Weeks |
| 10. | Assistant PHP Developer | 26 (Weeks) |
| 11. | Hardware Peripheral and Installation Assistant | 26 (Weeks |
| 12. | Application Development -Android | 26 (Weeks |
| 13. | Course in IT Foundation and Tools | 26 (Weeks |
| 14. | Certificate Course in Computer Basics & Accounting | 26 (Weeks) |
| 15. | Certificate Course in Web Designing and Multimedia | 26 (Weeks |
| 16. | C Language | 04 (Weeks |
| 17. | C Plus Plus With Oops | 08 (Weeks) |
| 18. | PHP With Mysql | 04 (Weeks) |
| 19. | Core Java | 06 (Weeks |
| 20. | Advance Java | 08 (Weeks |
| 21. | Financial Accounting | 06 (Weeks) |
| 22. | Autocad | 08 (Weeks) |
| 23. | Fundamentals of Cyber Security | 06 (Weeks) |
| 24. | Programming with Python | 12 (Weeks) |
| 25. | Fundamentals of Computer | 12 (Weeks) |

डाक्टर जगत में शोक की लहर

# प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अरविंद दहिया का निधन, स्वास्थ्य सेवाओं में दिया अविस्मरणीय योगदान

**श्रद्धांजलि...**



## शीला बाईपास स्थित रामबाग श्मशान घाट में अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हरियाणा के प्रसिद्ध चिकित्सक और काएनोस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के संस्थापक डॉ. अरविंद दहिया का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार शीला बाईपास स्थित रामबाग श्मशान घाट में किया गया। उनके निधन पर डॉक्टर्स सहित विभिन्न समाजसेवी, संस्थाओं, राजनीतिक दलों व अधिकारियों सहित गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### आईएमए ने दी डॉ. अरविंद दहिया को श्रद्धांजलि

*आईएमए के सचिव डॉ अर्जुन नरूला, वरिष्ठ संरक्षक डॉ. एसएल वर्मा, डॉ. रविंद्र चौधरी, डॉ. अरुण नरूला ने भी डॉ. अरविंद दहिया के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि डॉ. अरविंद दहिया की कमी समाज को हमेशा खलती रहेगी। उनके जाने से समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई है।*

### 21 जून 1973 को जन्मे डॉ. दहिया

जानकारी के अनुसार, 21 जून 1973 को जन्मे डॉ. अरविंद दहिया ने बहुत कम समय में चिकित्सा जगत और समाज के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। यूके से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे अपने गृह राज्य हरियाणा लौटे और संकल्प लिया कि छोटे शहरों के लोगों को भी विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने अपने सपने को पूरा करते हुए वर्ष 2016 में उन्होंने रोहतक में काएनोस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना की।

### अंतिम विदाई में उमड़ा जनसमूह, सबकी आंखें नम

अस्पताल में एडवांस्ड आईसीयू, एनआईसीयू, ट्रॉमा मैनेजमेंट जैसी जीवन रक्षक सेवाओं को नए आयाम दिए गए। साथ ही ईसीएमओ, एलआईएनएसी, लिवर ट्रांसप्लांट, जटिल ऑन्कोलॉजी उपचार और लेवल-3 एनआईसीयू जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं भी शुरू की गईं, जो इस क्षेत्र में पहली बार उपलब्ध हुईं। उनकी सोच और कार्यप्रणाली ने यह उदाहरण पेश किया कि चिकित्सा सेवाओं को महानगरों से बाहर भी विश्वस्तरीय बनाया जा सकता है। डॉ. दहिया के निधन से न केवल उनके परिवार और टीम को, बल्कि पूरे हरियाणा को अपूरणीय क्षति हुई है। उनकी समर्पित टीम ने संकल्प लिया है कि वे उनके अधूरे सपनों को पूरा करते हुए अनगिनत जीवन बचाने के मिशन को आगे बढ़ाएंगे। डॉ. दहिया भले ही अब नहीं हैं, लेकिन वे अपनी विरासत के रूप में एक ऐसा संस्थान छोड़ गए हैं, जो आने वाले समय में समाज की सेवा करता रहेगा। डॉ. अरविंद दहिया के निधन से काएनोस अस्पताल का पूरा स्टाफ, डॉक्टर जगत और परिवार सदमे में है। उनके पिता रामफल दहिया एयरफोर्स से सेवानिवृत्त हैं। परिवार में उनके माता पिता के अलावा पत्नी और तीन बच्चे हैं। डॉ अरविंद दहिया पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और आज उनका निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी।

### समाज के लिए बहुत बड़ी क्षति

*डॉ. अरविंद दहिया का अचानक चले जाना समाज के लिए बहुत ही बड़ी क्षति है। उनके जाने से जो खालीपन आया है उसे भरना मुश्किल है। उन्होंने अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा को समर्पित किया। उन्होंने चिकित्सा के लिए असाधारण काम किया। उनके निधन पर हम संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।*

*-डॉ. आरती साहू, आईएमए अध्यक्ष*

## खबर संक्षेप



### क्षतिपूर्ति पोर्टल 30 तक खोलने की मांग

**रोहतक।** वीरवार को किसान नेता राजू मकड़ौली की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि क्षतिपूर्ति पोर्टल को 30 सितंबर तक और खोला जाएगा। क्योंकि काफी किसान उनकी खराब हुई फसलों के नुकसान पर पोर्टल पर दर्ज नहीं कर पाए। दर्ज न कर पाने का कारण पोर्टल ज्यादा लोड होने की वजह से काम नहीं कर रहा था।

### रोजगार मेला में 50 का चयन किया गया

**रोहतक।** मंडल रोजगार कार्यालय द्वारा वीरवार को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान रोजगार मेले में 100 से अधिक प्रार्थियों ने भाग लिया। साक्षात्कार के बाद 50 युवाओं का चयन किया गया। रोजगार सहायता शिविर में मंडल रोजगार अधिकारी सोनम गोयल बेरोजगार प्रार्थियों को व्यक्तिगत एवं सामूहिक करियर काउंसलिंग भी प्रदान की गई। सहायक रोजगार अधिकारी मोनिका सिंह ने उपस्थित प्रार्थियों को कौशल प्रशिक्षण सम्बन्धित जानकारी दी।

## गुरुग्राम में सोने की लूट व मदनहेड़ी में शराब ठेके पर फायरिंग में रहे शामिल

*मुठभेड़ के बाद पुलिस ने किया था गिरफ्तार, खुल सकते हैं कई राज*

# अपराध की दुनिया में नाम कमाना चाहते हैं अंकित और आशीष

- सीआईए टू स्टाफ और बदमाशों के बीच कारौर के पास हुई थी मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

सीआईए टू स्टाफ के साथ मुठभेड़ में पकड़े गए दोनों आरोपी बड़े गैंग से जुड़े हुए हैं। उन्होंने करीब 20 दिन में ही दो बड़ी वारदातों को अंजाम दिया है। वह कम समय में ही अपराध की दुनिया में नाम कमाना चाहते हैं। इसलिए तेजी से वारदात की प्लानिंग कर रहे थे। वह न केवल गुरुग्राम में मुथूट फाइनेंस से हुई सोने की लूट की वारदात में शामिल हैं बल्कि मदनहेड़ी में भी शराब ठेके पर फायरिंग कर चुके हैं। मुठभेड़ के दौरान भी आरोपी हथियारों से लैस होकर कहीं बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए जा रहे थे। मुठभेड़ के दौरान आरोपियों ने पुलिस पर कई राउंड फायरिंग की। इस दौरान जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों को पैर में गोली लगी है। जिन्हें उपचार के लिए पीजीआई भर्ती कराया गया है। वहीं रोहतक एसपी नरेंद्र बिजराणिया ने सीआईए टू स्टाफ को शाबासी दी है। पुलिस अब इस बात की जांच पड़ताल में जुटी है कि वह किस वारदात को अंजाम देने वाले थे और हथियार कहां से लेकर आए थे। इसके अलावा पूछताछ में कई और वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है। पुलिस उनके अन्य साथियों की तलाश में जुटी हुई है।

### ऐसे हुई मुठभेड़

जानकारी के अनुसार, पुलिस को बुधवार शाम सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध युवक कारौर क्षेत्र से गुजरने वाले हैं। इस पर पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी की। देर रात जब पुलिस ने संदिग्ध वाहन को रुकवाने की कोशिश की तो उसमें सवार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं, जिसमें दोनों बदमाश घायल हो गए। हालांकि पुलिस की सतर्कता से कोई जवान हताहत नहीं हुआ।





### घायल बदमाशों की पहचान

पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में घायल बदमाशों की पहचान सोनीपत जिले के गंगाना गांव निवासी 21 वर्षीय आशीष और रोहतक के खेरेंटी गांव निवासी अंकित के रूप में हुई है। दोनों लंबे समय से पुलिस के राडार पर थे और उनके खिलाफ कई आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि और पुराने रिकॉर्ड की छानबीन कर रही है।

### पुलिस पूछताछ से खुलेंगे और राज

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में आरोपियों ने कई वारदातों में शामिल होने की बात स्वीकार की है। उनसे गैंग के अन्य सदस्यों और हथियारों की सप्लाई चेन के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि पूछताछ के दौरान प्रदेश में हुई अन्य गंभीर वारदातों का भी खुलासा हो सकता है। फिलहाल पुलिस ने उनके खिलाफ हत्या के प्रयास, हथियार अधिनियम और लूट जैसे गंभीर धाराओं के तहत मामले दर्ज किए हैं।

### गुरुग्राम की सोने की लूट में शामिल

अब तक की जांच में सामने आया है कि पकड़े गए आरोपी गुरुग्राम में मुथूट फाइनेंस से हुई करोड़ों रुपये की सोने की लूट में शामिल रहे हैं। इस वारदात ने पूरे प्रदेश में सनसनी फैला दी थी और पुलिस लंबे समय से आरोपियों की तलाश में थी। इसके अलावा, बदमाशों ने मदनहेड़ी इलाके में शराब ठेके पर फायरिंग कर दहशत फैलाने का प्रयास किया था।

### पुलिस की तत्परता से टली बड़ी घटना

पुलिस के अनुसार अगर समय रहते कार्रवाई न की जाती तो आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते थे। सीआईए टू स्टाफ ने न केवल बदमाशों को दबोचकर राहत दी बल्कि उनके पास से हथियार भी बरामद किए। इस कार्रवाई से रोहतक और आसपास के क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

### क्षेत्र में बढ़ाई गई गश्त

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने पूरे इलाके में गश्त बढ़ा दी है। ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि समय रहते पुलिस ने अपराधियों को पकड़ लिया, जिससे क्षेत्र में बड़ी घटना टल गई।



## श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में मेडिटेशन विषय पर विशेष वक्तव्य का आयोजन

**रोहतक।** श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं योग प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष वक्तव्य का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की। इस अवसर पर गवर्नमेंट कॉलेज, कैथल की वाइस प्रिंसिपल सुनीता अरोड़ा मुख्य वक्ता रहीं। उनका वक्तव्य विषय मेडिटेशन फॉर मेंटल एंड इमोशनल वेल-बीइंग रहा। मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ. तनेजा ने कहा कि ध्यान (मेडिटेशन) एक आंतरिक यात्रा है, जो हमें अध्यात्म के मार्ग पर आगे बढ़ाते हुए परमात्मा से जोड़ती है। ध्यान एवं योग को जीवनशैली में अपनाकर हम सांसारिक जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित ध्यान करने की प्रेरणा दी। सुनीता अरोड़ा ने कहा कि आज की व्यस्त दिनचर्या और मानसिक दबाव के बीच मेडिटेशन मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बनाए रखने का प्रभावी साधन है। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. प्रोमिला यादव ने किया। कार्यक्रम के समापन पर श्रीमती अनिला बठला ने मुख्य वक्ता सहित सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. चित्रा, डॉ. रश्मि छाबड़ा, डॉ. रजनी सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।



## राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में वेट मैनेजमेंट पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में पोषण माह के उपलक्ष्य में वेट मैनेजमेंट पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। इस लेक्चर में डिपार्टमेंट के एलुमिनस इरविन बतरा (डायटिशियन) ने स्टूडेंट्स को वेट मैनेजमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्टूडेंट्स ने लेक्चर को बहुत रुचि से सुना। प्रश्नोत्तर सेशन में स्टूडेंट्स ने अपनी जिज्ञासा अनुसार प्रश्न पूछे और उनका समाधान प्राप्त किया। विभागाध्यक्ष रितु हुड्डा एवं विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर पंकज शर्मा, मोनिका नारंग, डॉक्टर प्रिंसी कत्याल उपस्थित रहे। प्रिंसिपल डॉ. शमशेर हुड्डा ने एलुमिनस इरविन बतरा की सराहना की। इस एक्सटेंशन लेक्चर के आयोजन से स्टूडेंट्स को वजन संतुलित करने के लिए तेल नमक और चीनी के उपयोग को कम करने के बारे में जानकारी दी।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

## एमडीयू में स्टे अवे फ्रॉम ड्रग्स पर जागरूकता कार्यक्रम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर सभागार में मंगलवार को स्टे अवे फ्रॉम ड्रग्स विषय पर एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम और यूथ रेड क्रॉस द्वारा ब्रह्माकुमारीज आर्य नगर, रोहतक एवं युवा प्रभाग के सहयोग से किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज सभी को प्रभावित करता है। युवाओं को आत्म-अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनानी चाहिए। रजिस्ट्रार डॉ. कृष्ण कांत ने नशामुक्त वातावरण बनाने को सामूहिक जिम्मेदारी बताया और युवाओं को खेल व रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने की सलाह दी। मुख्य वक्ता बीके डॉ. पांडियामणि (माउंट आबू) ने कहा कि नशा शारीरिक ही नहीं, मानसिक और भावनात्मक स्तर पर भी नुकसानदायक है। बीके उमा दीदी ने ध्यान की व्यावहारिक विधियां साझा कीं। अंत में बीके राहुल भाई ने प्रतिभागियों को नशामुक्त भारत और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक, अधिकारी, ब्रिगेडियर हरबीर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डाइट रोहतक में एआई प्रशिक्षण की नई पहल: शिक्षक बन रहे तकनीक में माहिर



**रोहतक।** शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में डाइट रोहतक ने एक नई पहल की शुरुआत की है। 17 सितंबर को डाइट मदीना में पांच दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) प्रशिक्षण शिविर आरंभ हुआ, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों से 50 अध्यापक भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य शिक्षकों को एआई तकनीक के प्रति जागरूक करना और उन्हें शिक्षण कार्य में तकनीकी साधनों का बेहतर उपयोग करने के लिए सक्षम बनाना है। शिविर का शुभारंभ डाइट प्राचार्य वीरेंद्र मलिक के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुआ। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा क्षेत्र में तकनीक का समावेश अब समय की आवश्यकता है। बदलते युग में एआई की समझ और उसके उपकरणों का प्रयोग शिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद करेगा। डाइट प्रवक्ता सुमित सेहरावत ने जानकारी दी कि इस प्रशिक्षण शिविर में मास्टर ट्रेनर, जिन्होंने एससीईआरटी से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

## अंगदान के लिए शपथ पत्र भरने में भी युवाओं को बढ़ानी चाहिए अपनी रूचि: कुलपति



**रोहतक।** हरियाणा के लोग हर क्षेत्र में अग्रणीय भूमिका में नजर आते हैं और जैसे रक्तदान में हरियाणा के युवा हमेशा अगली पंक्ति में खडे नजर आते हैं, ऐसे ही अंगदान के लिए शपथ पत्र भरने में भी युवाओं को अपनी रूचि बढ़ानी चाहिए। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल का। वें गुरुवार को विश्वविद्यालय द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी में लगाए गए रक्तदान और अंगदान जागरूकता कैंप में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए थे। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि हमारा शरीर एक दिन मिट्टी में मिल जाना है ऐसे में यदि हम जाते-जाते अंगदान करके यदि किसी के जीवन को रोशन कर जाएं तो इससे जाने वाला एक बार फिर से किसी के शरीर में जिंदा रह सकता है। जैसे रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता उसी प्रकार से अंग भी कृत्रिम नहीं बन सकते और जिस हिसाब से हमारा खान पान बिगड रहा है।

## दो शोधार्थियों ने एचपीएससी असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा में प्राप्त की सफलता

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के बायोकेमिस्ट्री विभाग के लिए गर्व का क्षण है। विभाग की दो शोधार्थी लकी दुहन और दीपिका कुमारी ने हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। दोनों शोधार्थी डॉ. ऋतु पसरीजा के मार्गदर्शन में पीएचडी कर रही हैं। इन्होंने अपने शोध कार्य में प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में उत्कृष्ट शोधपत्र प्रकाशित किए हैं। साथ ही, पुस्तक अध्यायों तथा एक पुस्तक का भी योगदान दिया है। वर्तमान में ये दोनों अपने शोध प्रबंध (थीसिस) को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं।

## महम नगर पालिका की बैठक थी खूफिया एजेंसियों की, अनुमोदित प्रस्ताव ही सार्वजनिक नहीं किए

**महम।** वीरवार को नगर पालिका महम की एक बैठक हुई। बैठक में विधायक बलराम दांगी भी शामिल हुए। एक पार्षद को छोड़कर शहर के सभी नगर पार्षदों ने मीटिंग में भाग लिया। बैठक में क्या क्या प्रस्ताव पास किए गए, यह बात सार्वजनिक नहीं की गई। स्थानीय पत्रकारों को मीटिंग में और मीटिंग के बाद नहीं बुलाया गया। नगर पालिका कार्यालय की ओर से कोई प्रैस रिलीज भी नहीं जारी की गई। नगर पालिका कार्यालय की ओर से शहर के लोगों को यह बताना जरूरी नहीं समझा गया कि बैठक में क्या क्या प्रस्ताव पास किए गए हैं। विधायक और पार्षदों ने मिलकर शहर के विकास को लेकर क्या चर्चा की है, इस बात की जानकारी जनता को नहीं दी गई। कितने प्रस्ताव पास किए गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**प्रतियोगिता** | विभिन्न जिलों में खेलों की राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं का शानदार आयोजन

*खिलाड़ियों नेओवरऑल ट्रॉफियां जीतकर जिले का नाम रोशन किया*

# रोहतक के खिलाड़ियों ने योगासन, बॉक्सिंग, वॉलीबॉल सॉफ्टबॉल और कुश्ती में लहराया विजय पताका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा विभिन्न जिलों में विभिन्न खेलों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का 16 से 18 सितंबर 2025 तक शानदार आयोजन करवाया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से राज इंटरनेशनल स्कूल, रेवाड़ी में आयोजित 58वीं हरियाणा राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता तथा विभिन्न जिलों में आयोजित राज्य स्तरीय खेल मुकाबलों में रोहतक जिले के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। योगासन, सॉफ्टबॉल, बॉक्सिंग, वॉलीबॉल और कुश्ती में खिलाड़ियों ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाते हुए कई पदक व ओवरऑल ट्रॉफियां जीती और जिले का नाम रोशन किया।





**रोहतक।** लड़कियों में कुश्ती प्रतियोगिता में रोहतक की खिलाड़ी पटकनी देती अपने प्रतिद्वंदी को व रोहतक जिले के विजेता खिलाड़ी ट्रॉफी जीतकर प्रसन्न मुद्रा में ओवरऑल इंचार्ज डॉक्टर जनक राज के साथ। फोटो: हरिभूमि

### योगासन में उपलब्धियां

टीम के ओवरऑल इंचार्ज व मीडिया कन्वीनर डॉक्टर जनक राज ने बताया कि खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

- अंडर-19 रिदमिक पेयर (लड़के)- दीपांशु व संजीव की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।
- अंडर-14 ट्रेडिशनल (लड़के)-मानव ने कांस्य पदक प्राप्त किया।
- अंडर-14 आर्टिस्टिक सिंगल (लड़के)- लक्ष्य ने स्वर्ण पदक जीता।
- अंडर-14 रिदमिक पेयर (लड़के)- सत्यम व लक्ष्य की जोड़ी ने रजत पदक हासिल किया।
- अंडर-17 आर्टिस्टिक सिंगल (लड़के)- टिंकू ने स्वर्ण पदक जीता।
- अंडर-14 ट्रेडिशनल (लड़कियां)- ऋषिका ने स्वर्ण पदक जीता।

### वॉलीबॉल (लड़कियां)

कुरुक्षेत्र में आयोजित 58वीं हरियाणा राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अंडर-19 लड़कियों की रोहतक टीम ने लगभग कई वर्षों बाद हरियाणा में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक और एईईओ राकेश सिवाच ने कोच व टेक्निकल अधिकारियों को विशेष बधाई दी।

### अधिकारियों की

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक तथा एईईओ राकेश सिवाच ने खिलाड़ियों, कोचों, टीम इंचार्ज और टेक्निकल ऑफिशल्स को हार्दिक शुभकामनाएं दी, उन्होंने कहा कि सभी विजेता खिलाड़ी आगामी नवंबर में होने वाली राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं में हरियाणा प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### कुश्ती में

| | |
|---|---|
| तमन्ना (59 किग्रा) | स्वर्ण पदक |
| अनु (62 किग्रा) | रजत पदक |
| खुशी सिंधु (65 किग्रा) | रजत पदक |
| अन्नू (50 किग्रा) | कांस्य पदक |
| कीर्ति (55 किग्रा) | कांस्य पदक |

### ओवरऑल ट्रॉफी

- लड़कियां (अंडर-19)-ओवरऑल प्रथम स्थान।
- लड़के (अंडर-19)-ओवरऑल तृतीय स्थान।

### सॉफ्टबॉल

टीम इंचार्ज नवीन कादयान व सन्त दुहन ने बताया कि अंडर-17 लड़कों में रोहतक जिले की टीम ने हरियाणा में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**बॉक्सिंग:** टीम इंचार्ज चाप सिंह ने जानकारी दी कि अंडर-14 लड़कों में विवान बल्हारा व वंश ने स्वर्ण पदक, अंशुमान ने रजत पदक, केशव ने कांस्य पदक जीता।